तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, रविवार, 7 दिसंबर 2025

13 इंडस पब्लिक स्कूल में उत्साह से मनाया...



13 बॉयज वर्ग में सोनीपत की टीम ने गुरुग्राम को दी मात



## खबर संक्षेप

### गाड़ी की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत

**जींद।** सफीदो रोड पर बीती रात तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक मौके से फरार हो गया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर फरार गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फोन पर लिंक भेजकर 52 हजार की ठगी, केस

**कैथल।** शहर के एक युवक से बैंक कर्मी बनते हुए मोबाइल पर लिंक भेजकर 52 हजार 500 रुपए की साइबर ठगी कर ली। मामले में साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर थाना पुलिस को दी गई शिकायत में कैथल निवासी प्रवीन ने बताया कि कुछ दिन पहले उसके पास अज्ञात का फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह बैंक से बोल रहा है।

### कस्सी से हमला करने पर 3 के खिलाफ केस

**जींद।** गांव बरसोला में कहासुनी के चलते व्यक्ति पर हमला कर घायल करने पर जुलाना थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव करसोला निवासी राजबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी नवीन परिवार के साथ रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते आपस में कहासुनी हो गई।

### चरस सप्लायर हिमाचल प्रदेश निवासी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना ढांड पुलिस द्वारा 1 किलो 45 ग्राम चरस बरामदगी मामले में चरस सप्लायर हिमाचल प्रदेश निवासी आरोपी को काबू कर लिया । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना ढांड पुलिस के एएसआई भान सिंह की टीम द्वारा 2 नवंबर को ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन तहत गश्त दौरान बस स्टैंड ढांड से संदिग्ध गांव ट्योठा निवासी धर्मेंद्र सिंह काबू किया गया था।

### मकान का टूटा ताला नकदी व जेवरात चोरी

**जींद।** गांव गांगोली में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर दस हजार रुपये की नकदी तथा सोने के जेवरात चोरी कर लिए। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौतम ने शिकायत में बताया कि बीती रात चोर मकान का ताला तोड़ कर दस हजार रुपये की नगदी, सोने की अंगूठी सिक्के समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### परिचालक से मारपीट के मामले में 2 आरोपी काबू

**कैथल।** हरियाणा रोडवेज कैथल डिपो के परिचालक से मारपीट करने के मामले में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा रोडवेज कैथल डिपो के परिचालक सुभाष द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार 29 नवंबर 2025 को वह अपनी ड्यूटी पूरी करके करनाल से कैथल बस स्टैंड पहुंचे ही थे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**जींद।** युवा विकास समिति के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन 7 दिसंबर को रोहतक रोड पर सैनी धर्मशाला के पास किया जाएगा। समिति जींद के अध्यक्ष एवं जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू ने बताया कि रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता डा. राज सैनी और भाजपा जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल होंगी।

### चाकू रखने के मामले में भगोड़ा आरोपी दबोचा

**कैथल।** पीओ पकड़ो स्टाफ द्वारा वर्ष 2022 दौरान तेजधार चाकू रखने के मामले में भगोड़े आरोपी को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की पीओ पकड़ो स्टाफ प्रभारी एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई रणदेव सिंह की टीम ने उद्घोषित आरोपी सीवन निवासी साहिल को काबू किया।

*एसोसिएशन ने हड़ताल को सफल बनाने के लिए तैयार की रणनीति*

# सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक आठ-नौ को पूर्ण हड़ताल पर रहेंगे

**एसोसिएशन ने 10 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का किया ऐलान**

**केंद्र के समान चार एसीपी देने की मांग पर भी सरकार गंभीर नही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन आठ और नौ दिसंबर को पूर्ण हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताल को लेकर शनिवार को एसोसिएशन सदस्यों ने मंथन किया और हड़ताल को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की। एसोसिएशन ने चेताया कि सरकार से एसोसिएशन की वार्ता चली है। अगर मांगें पूरी नही होती है तो हर हाल में आठ और नौ दिसंबर को पूर्ण हड़ताल रखी जाएगी। यदि फिर भी बात नही बनी तो 10 दिसंबर से सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। चिकित्सकों की मांगों में एसएमओ भर्ती में सुधार और एसीपी शामिल है। इस मौके पर डा. रघुबीर पूनिया, डा. संदीप मलिक, डा. विशाल सांगवान, डा. मनदीप, डा. मनजीत, डा. प्रमोद, डा. अभिनव भी मौजूद रहे। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसो के राज्य संयोजक और जिला प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा व डा. राजेश भोला ने बताया कि पिछले वर्ष सरकार ने वादा किया था कि डायरेक्ट एसएमओ की भर्ती बंद की जाएगी और सभी एसएमओ पद प्रमोशन से ही भरे जाएंगे। सर्विस रूल्स में संशोधन के लिए सहमति भी बनी थी लेकिन आज तक न नियम बदले गए और न ही भर्ती प्रक्रिया में कोई सुधार हुआ। इस कारण प्रदेशभर में एसएमओ पद खाली पड़े हुए हैं।



**जींद।** हड़ताल को लेकर मंथन करते एसोसिएशन पदाधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

**एसएमओ की सीधी भर्ती रोकी जाए**

डा. विजेंद्र ढांडा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से अपील की है कि उन जैसे संवेदनशील मुख्यमंत्री को जो हर आम आदमी की मदद करते हैं, उन्हें डॉक्टरों की जायज मांगे भी समाज की भलाई के लिए पूरी कर देनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि एसएमओ को सीधी भर्ती पर रोक लगाई जाए। स्पेशलिस्ट को कंपनसेशन दिया जाए। एसपी का स्ट्रक्चर पांच, दस, 15 पर मिल रहा है। यह 4, 9, 13, 20 वर्ष पर एसीपी मिले या फिर सरकार द्वारा पिछले साल मानी गई मॉडिफाइड एसीपी सरकार जल्द से जल्द लागू करे।

**सरकार ने गंभीरता अब तक नही दिखाई**

उन्होंने कहा कि एचसीएमएस डाक्टरों को केंद्र के समान चार एसीपी देने की मांग पर भी सरकार ने गंभीरता नही दिखाई है। डॉक्टरों के आंदोलन के बाद तीन एसीपी (एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन) देने पर सहमति बनी थी। ये थे पांच वर्ष पर 6600 ग्रेड पेए 10 वर्ष पर 8000 ग्रेड पे और 15 वर्ष पर 9500 ग्रेड पे। यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री और वित्त विभाग ने स्वीकार कर लिया था लेकिन एक वर्ष बीत जाने पर भी इसकी अधिसूचना जारी नहीं की गई है। एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि सरकार खुद स्वीकृत फैसलों को भी लागू करने में कोई रुचि नहीं दिखा रही। जिसके चलते एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि आठ व नौ दिसंबर को ओपीडी, इमरजेंसी, लेबर रूम, ओटी, पोस्टमार्टम सहित सभी सेवाएं पूरी तरह बंद रहेंगी। एसोसिएशन ने कहा कि यदि इसके बाद भी सरकार ने ध्यान नहीं दिया तो 10 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी।



**जींद।** निर्माण के चलते बंद शौचालय। *फोटो :हरिभूमि*

# नागरिक अस्पताल में एक माह से बंद शौचालय, मरीज परेशान

- जीर्णोद्धार कार्य के चलते मजदूरों ने एक साथ तोड़े शौचालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में ठेकेदार कारिंदों द्वारा पुरानी बिल्डिंग में जीर्णोद्धार का कार्य बहुत धीमी गति से किया जा रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लगभग एक माह पहले पुरानी बिल्डिंग में सभी शौचालयों को उखाड़ दिया गया था। जो आजतक भी कंपलीट नही हो पाए हैं। जिससे उपचार के लिए आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों खासकर महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लापरवाही के कारण पुरानी बिल्डिंग में इमरजेंसी के पास एक भी शौचालय खुला नही है। शव गृह के पास बनाए गए शौचालय पर तो ताले लटके हुए हैं। ऐसे में मरीजों को शौच के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जीर्णोद्धार कार्य 15.90 करोड़ रुपये की लागत से चल रहा है।

**शौचालय की व्यवस्था नही**

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में करोड़ों रुपये की लागत से इमारतें तो बना दी गई हैं लेकिन मरीजों को शौचालय की मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए बनाए गए शौचालय की व्यवस्था नही हो पा रही है। शव गृह के पास ही वर्ष 2011 में 11 लाख रुपये की लागत से महिला व पुरूष के लिए अलग-अलग शौचालय बनवाया गया था। शुरू में तो इस शौचालय का रखरखाव ठीक से रखा गया। फिर इसे बंद कर दिया गया। बाद में आमजन के दबाव में इसे खोला भी गया लेकिन अब इस शौचालय की व्यवस्था ठीक से न होने के चलते यह उपयोग लायक भी नही है। इस समय इस शौचालय पर ताले लटके हुए हैं। अब इस शौचालय को तोड़ कर फायर सेफ्टी टैंक बनाए जाने की योजना है। नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि शौचालय व्यवस्था को लेकर उन्होंने निर्माण ठेकेदार व जेई को बोला है। पहले शौचालय निर्माण जल्द से जल्द पूरा करवाने की बात कही गई है। वहीं शव गृह के पास जो शौचालय है वहां फायर सेफ्टी टैंक बनाए जाने की योजना है।

# मौत से लड़ रहे अरमान ने तोड़ा दम

*हिसार के निजी अस्पताल में चल रहा था उपचार*

**11 हजार हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गया था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उचाना

करीब चार महीने से जिंदगी मौत के बीच जंग लड़ रहा शहर के संजय खटक का इकलौता बेटा अरमान खटक का शनिवार को हिसार के प्राइवेट अस्पताल के उपचार के दौरान निधन हो गया। करीब चार महीने पहले बस स्टैंड के सामने वाली कालोनी में अपने साथियों के साथ गली में खेल रहे अरमान खटक 11 हजार हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गया था। 80 प्रतिशत से अधिक झुलसने के बाद उसका हिसार के प्राइवेट अस्पताल में उपचार चल रहा था। अरमान चार बहनों का इकलौता भाई था। परिवार मुखिया मेहनत, मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। अरमान के जल्द स्वस्थ होने की जिसको भी पता चलता वो कामना करता था। शनिवार को जब अरमान खटक की उपचार के दौरान मौत की जानकारी मिली तो मकान के आसपास रहने वालो के साथ-साथ परिवार को सांत्वना देने के लिए आने वाले लोगों की आंखे नम हो रही थी। आस पड़ोस में चूल्हा तक इस घटना के बाद नहीं जला। परिवार के सदस्यों को सांत्वना देते हुए खुद लोगों की आंखे नम हो रही थी। पूरे परिवार के सदस्यों को निरंतर हो रहे उपचार के बाद अरमान खटक के स्वस्थ होने की उम्मीद थी लेकिन होनी को कुछ ओर ही मंजूर था।

**परिवारजनों का बुरा हाल**

अरमान खटक के चाचा गोविंद ने बताया कि कई महीनों से अरमान खटक हिसार के प्राइवेट अस्पाल में उपचार के लिए दाखिल था। शनिवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। पूरे परिवार पर इस घटना के बाद दुखों को पहाड़ टूट पड़ा है।

# पात्रों को जल्द मिलेंगे आर्थिक सहायता राशि के चेक

- अभी तक कुल 20 आवेदन इस संबंध में आए : राजकिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कलायत

मुख्यमंत्री किसान एवं खेतिहर जीवन सुरक्षा योजना के तहत पात्र किसानों और खेतिहर मजदूरों को आर्थिक सहायता राशि के चेक जल्द ही वितरित किए जाएंगे। इस वर्ष में अभी तक कुल 20 आवेदन इस संबंध में आए हैं। इसमें से 10 को लाभ प्रदान किया जा चुका है। जबकि दस पात्र शेष हैं। कलायत अनाज मंडी में आयोजित एक बैठक के दौरान मार्केट कमेटी चेयरमैन राजकिशन काका राणा ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस दौरान उनके साथ मुख्य रूप से कलायत भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत और मार्किट कमेटी वाइस चेयरमैन रिषीपाल सहारण भी मौजूद रहे। राजकिशन राणा ने बताया कि प्रदेश सरकार किसानों और खेतिहर मजदूरों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। कृषि कार्यों के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए यह योजना शुरू की गई है। ताकि किसी भी तरह की अनहोनी की स्थिति में प्रभावित परिवार को त्वरित आर्थिक सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि खेतों में काम करते समय कई बार हादसे हो जाते हैं। इस वजह से किसान और मजदूर आर्थिक संकट में आ जाते हैं। सरकार का उद्देश्य है कि ऐसे कठिन समय में पात्र व्यक्तियों को नियमों के अनुसार सहायता राशि प्रदान की जाए। जिससे उनके परिवार को राहत मिल सके। योग्य किसानों और मजदूरों की सूची तैयार कर ली गई है। अगले कुछ दिनों में लाखों रुपये की राशि के चेक लाभार्थियों तक पहुंचाए जाएंगे। योजना के अंतर्गत दुर्घटना की स्थिति में मृत्यु, गंभीर चोट या स्थायी विकलांगता जैसी परिस्थितियों में निर्धारित मानकों के अनुसार आर्थिक मुआवजा दिया जाता है।



**कलायत।** पत्रकारों से रूबरू मार्केट कमेटी चेयरमैन राजकिशन व अन्य।



**जुलाना।** समस्या के समाधान की मांग करते लोग। *फोटो :हरिभूमि*

**पानी व सीवरेज लाइन न होने से बढ़ी परेशानी**

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के पुराना थाना मार्केट में पानी और सीवरेज की लाइन न होने से दुकानदारों व स्थानीय मकान मालिकों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से उठ रही इस बुनियादी सुविधा की मांग पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से लोगों में भारी रोष है। मार्केट के लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को शिकायत दी गई अधिकारियों को अवगत कराया गयाए लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। दुकानदार कपिल, अमित शर्मा, नरेंद्र आदि का कहना है कि एक साल पहले जनस्वास्थ्य विभाग को औपचारिक रूप से आवेदन देकर पानी और सीवरेज लाइन बिछाने की मांग की गई थी लेकिन विभाग ने केवल आश्वासन देकर अपना पीछा छुड़ा लिया। उनका कहना है कि बार-बार याद दिलाए जाने के बावजूद विभागीय अधिकारी मौके पर आकर वास्तविक स्थिति जानने को भी तैयार नहीं हैं। दुकानदारों ने बताया कि मार्केट में पानी की सुविधा न होने से रोजमर्रा के कार्य प्रभावित होते हैं जबकि सीवरेज लाइन न होने के कारण गंदे पानी की निकासी बड़ी समस्या बनी हुई है। कई बार बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कैथल में आज

*स्वदेशी अभियान को घर-घर तक पहुंचाने की बनेगी योजना-रचना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

भाजपा की रविवार को कैथल में बड़ी बैठक होगी, जिसमें सरकार व संगठन से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। सुबह 11 बजे होने वाली बैठक को मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा संबोधित करेंगे। आरकेएसडी कॉलेज में होने वाली बैठक में वर्तमान में चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा होगी और आगे के कार्यक्रमों की योजना-रचना तैयार की जाएगी। स्वदेशी अभियान को घर-घर तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा होगी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशी रथ यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे बैठक में सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, मोर्चों के अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, आत्मनिर्भर भारत की प्रदेश टोली, आत्मनिर्भर भारत के लोकसभा संयोजक, सभी मंडलों के अध्यक्ष शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि इस महत्वपूर्ण बैठक में सरकार की योजनाओं व संगठनात्मक मुद्दों को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य स्वदेशी अभियान को घर-घर तक पहुंचाने का है। इस बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से स्वदेशी अभियान को और गति देने पर भी चर्चा होगी।

**पात्रों को मिल रहा योजनाओं का लाभ**

बड़ौली ने कहा कि नायब सैनी सरकार ने अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं प्रदेश में चलाई हुई है। इन योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी और नायब सैनी सरकार की योजनाओं से कोई वंचित ना रहे इसके लिए भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह और समर्पण संगठन का आधार है। कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और असीम समर्पण ही प्रत्येक अभियान की प्रेरक शक्ति है।



**जींद।** मांगों का ज्ञापन अधिकारी को सौंपते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

**बीडीपीओ को सौंपा मांगपत्र**

**जींद।** ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों एवं समस्याओं को लेकर शनिवार को लघु सचिवालय में प्रदर्शन कर धना दिया और मांगों से संबंधित ज्ञापन ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारी को सौंपा। धरने की अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान गुलाब बिरौली ने की। जबकि संचालन जिला सचिव पवन कुमार ने किया। धरने को यूनियन के राज्य महासचिव विनोद कुमार ने संबोधित करते बताया कि प्रदेश सरकार ने पिछले 11 साल मेंएक भी सफाई कर्मचारी की पक्की भर्ती नहीं की है और ना ही किसी कच्चे सफाई कर्मचारी को पक्का किया है। यह सरकार खासकर प्रदेश के मुख्यमंत्री अपने ही वायदों और घोषणाओं से बार-बार मुकरने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। सीएम ने 27 हजार वेतन देने की घोषणा की थी जो अब हवा हवाई साबित हो चुकी है। उसके बाद इसी साल 11 जून को कबीर जयंती पर सिरसा में 2100 रुपये बढ़ोत्तरी की घोषणा करके आज तक ग्रामीण सफाई कर्मियों के लिए कोई पत्र जारी नहीं किया है। जबकि शहर के पेरोल सफाई कर्मियों का पत्र 9 अगस्त को जारी हो चुका है और उनको के मिलना भी शुरू हो चुका है।

**राजनीति** | **कांग्रेस सांसद बोले : ये कांग्रेस की नहीं बल्कि व्यक्तिगत यात्रा**

# पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा निकाली जा रही सद्भाव यात्रा पर कांग्रेस सांसद जयप्रकाश ने साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उचाना

कांग्रेस सांसद जयप्रकाश उचाना के पीडब्लयूडी विश्राम गृह पहुंचे। यहां पर वीरेंद्र प्रधान की अगुवाई में उनका कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यकर्ताओं से रूबरू होने के साथ उनकी समस्याओं को सांसद ने सुना। कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा निकाली जाने वाली सदभाव यात्रा सहित विभिन्न सवालों पर खुलकर सांसद ने जबाव दिए। कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह के विस चुनाव में कांग्रेस की हवा नहीं होने के बयान पर सांसद ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की हवा ना होती तो आदमपुर सीट कभी नहीं जीत सकते थे। आदमपुर की जो सीट जीती है वह कांग्रेस की हवा के कारण जीती है। हवा ना होती तो हम नारनौंद, उकलाना नहीं जीत सकते थे। चुनाव में पार्टी अध्यक्ष उदयभान, भूपेंद्र सिंह हुड्डा की वजह से ही कांग्रेस पार्टी की 37 सीटें आ पाई। पांच एमपी जीते और तीन एमपी बहुत ही कम अंतर से हारे। वोट चोरी वाले आज दूसरी तरफ चले गए, जहां उन्हें जाना चाहिए था। वोट चोरी के कारण ही कांग्रेस का राज नहीं आ पाई।



**उचाना।** पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस सांसद जयप्रकाश। *फोटो :हरिभूमि*

**भाजपा ने कई जगह निर्दलीय उतारे थे**

बीजेपी ने कई जगह निर्दलीयों को खड़ा कर दिया। जिससे कांग्रेस को नुकसान हुआ। सद्भाव यात्रा कांग्रेस की नहीं है ये यात्रा व्यक्तिगत है। प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष मना कर चुके है। पार्टी की यात्रा होती तो हम भी साथ होते। पार्टी की यात्रा नहीं है ये व्यक्तिगत यात्रा है।



**सीवन।** निर्माणाधीन लाइब्रेरी पर डाला जा रहा लैंटर। *फोटो :हरिभूमि*

**युवाओं के लिए बड़ा अध्ययन केंद्र बनेगी लाइब्रेरी**

**सीवन।** नगर में शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ करने और युवाओं को बेहतर अध्ययन सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर भवन के उपर अत्याधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। नगर के युवाओं की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए इस महत्वपूर्ण परियोजना को प्राथमिकता दी गई है। वार्ड नंबर 8 के पार्षद श्री राम वाल्मीकि ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि लाइब्रेरी का लेंटर एक सप्ताह के अंदर डाल दिया जाएगा, जिसके बाद शेष निर्माण कार्य और सुविधाओं की स्थापना तेज गति से की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि उम्मीद है कि 1 अप्रैल से युवा यहां अध्ययन करना शुरू कर सकेंगे और इसका भरपूर लाभ उठा पाएंगे। पार्षद श्री राम वाल्मीकि ने बताया कि यह लाइब्रेरी युवाओं के लिए एक शांत, सुविधाजनक और आधुनिक अध्ययन स्थल प्रदान करेगी। प्रतियोगी परीक्षाओं, सरकारी नौकरियों की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए यह बेहद लाभकारी स्थान होगा। लाइब्रेरी में आधुनिक और शांत वातावरण होगा, पर्याप्त बैठने की व्यवस्था होगी, पुस्तक संग्रह उपलब्धता रहेगी।




हमारे देश में सोना हमेशा से ही धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा है, लेकिन बदलते समय के साथ सोने में निवेश का तरीका भी बदल रहा है। अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरने की जरूरत नहीं, क्योंकि गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड ने निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोल दिया है।

## निवेश का नया ट्रेंड : स्मार्ट निवेशकों की पहली पसंद

# गोल्ड ईटीएफ व फंड का धमाल

- एक गोल्ड ईटीएफ यूनिट का मतलब एक ग्राम सोने का 10वां हिस्सा
- इन यूनिट्स को एनएसई और बीएसई जैसी स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीद या बेच सकेंगे
- सोना हमेशा से धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा, अब निवेश का तरीका भी बदल गया
- अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरना जरूरी नहीं
- गोल्ड ईटीएफ व फंड निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोला

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

हमारे देश में सोना हमेशा से ही धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा है, लेकिन बदलते समय के साथ सोने में निवेश का तरीका भी बदल रहा है। अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरने की जरूरत नहीं, क्योंकि गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड ने निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोल दिया है। कम खर्च, ऑनलाइन ट्रेडिंग की सुविधा और टैक्स के बड़े फायदे इन दोनों को आज के स्मार्ट निवेशकों के बीच सबसे लोकप्रिय विकल्प बना रहे हैं। जानकारों का कहना है कि भारत में सोना सिर्फ निवेश नहीं, बल्कि समृद्धि और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। पहले लोग ज्यादातर जेवर, सिक्के या सोने की ईंटें (बार) खरीदकर ही निवेश करते थे, क्योंकि यही आम तरीका था, लेकिन अब समय बदल गया है। आज ऐसे विकल्प मौजूद हैं, जिनमें न तो सोना घर पर रखने की जरूरत है और न ही सुरक्षा की चिंता रहती है। गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड दोनों विकल्प सोने में निवेश को आसान, सुरक्षित, और बिना झंझट वाला बना देते हैं। आप इन्हें शेयर की तरह ही मार्केट के खुले होने पर कभी भी खरीद-बेच सकते हैं।



### गोल्ड ईटीएफ में निवेश आसान

गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना बहुत आसान होता है। आप इन्हें मार्केट के समय के दौरान तुरंत खरीद या बेच सकते हैं। इन पर लगने वाला सालाना खर्च भी कम होता है, करीब लगभग 0.50%। यह उन लोगों के लिए बेहतर विकल्प है, जो सोने की कीमत में होने वाले उतार-चढ़ाव का फायदा लेना चाहते हैं, बिना इस चिंता के कि सोना घर पर कैसे रखें या उसकी सुरक्षा कैसे करें।

### क्यों बेहतर हैं गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड

ये सस्ते होते हैं, खरीदना-बेचना आसान है, चोरी या स्टोरेज की चिंता नहीं, फिजिकल गोल्ड के झंझट (मेकिंग चार्ज, जीएसटी, सेफ्टी) पूरी तरह खत्म रहता है। इसके अलावा, आपको सोने का वही पारंपरिक फायदा भी मिलता है, जैसे महंगाई से बचाव, समय के साथ सोने का मूल्य स्थिर रहता है, अगर आप सोने में एक मॉडर्न, सुरक्षित और बिना झंझट वाला तरीका चाहते हैं, तो गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड सबसे बेहतर विकल्प नजर आते हैं।

### क्या इनकी सबसे बड़ी खासियत

- मेकिंग चार्ज नहीं लगता
- स्टोरेज की कोई दिक्कत नहीं
- चोरी या सुरक्षा की चिंता नहीं
- असली सोने की तुलना में कम खर्चे
- अगर आप सोने में निवेश को सिंपल और एफिशिएंट रखना चाहते हैं, तो ईटीएफ और फंड ऑफ फंड बेहतरीन विकल्प हैं।

### एक गोल्ड ईटीएफ का क्या होता है मतलब

- एक गोल्ड ईटीएफ यूनिट का मतलब होता है एक ग्राम सोने का दसवां हिस्सा, जिसे बैंक के सुरक्षित वॉल्ट में रखा जाता है। आप इन यूनिट्स को एनएसईऔर बीएसई जैसी स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीद या बेच सकते हैं।

### गोल्ड फंड ऑफ फंड

- अगर आपके पास डीमैट अकाउंट नहीं है, या आप चीजों को और भी आसान रखना चाहते हैं, तो गोल्ड फंड ऑफ फंड अच्छा विकल्प है। ये फंड ज्यादातर पैसा गोल्ड ईटीएफ में ही निवेश करते हैं। मतलब आपको सोने का फायदा मिलता है, पर कोई स्टोरेज या सिक्योरिटी की टेंशन नहीं रहती।

### कम पैसों से निवेश की सुविधा

- गोल्ड फंड्स में सिर्फ 500 रुपये प्रति महीना एसआईपी से निवेश शुरू कर सकते हैं। इनके खर्च (एक्सपेंस रेश्यो), ईटीएफ के मुकाबले कुछ ज्यादा होते हैं, कुल मिलाकर करीब 1%, क्योंकि इनमें ईटीएफ का खर्च भी शामिल होता है, लेकिन इसका फायदा यह है कि डीमैट की जरूरत नहीं होती।

## शेयर और प्रॉपर्टी से लेकर रिटायरमेंट तक

# बेहद कारगर है 7 फीसदी का रूल

- इस नियम से शेयर में नुकसान कम करने में मदद मिलती है
- रिटायरमेंट प्लानिंग और रियल एस्टेट इनवेस्टमेंट में भी करता है सहायता
- निवेश से पहले जान लें तरीका, आंख बंद करके फॉलो न करें कोई नियम

सुझाव

बिजनेस डेस्क

निवेश से जुड़े फैसले करना जितना आसान लगता है, उतना है नहीं। गलत फैसले कभी-कभी पूरी प्लानिंग बिगाड़ देते हैं। इसलिए कई पॉपुलर इनवेस्टमेंट रूल यानी निवेश के नियम इस्तेमाल किए जाते हैं, ताकि फैसले करना आसान हो सके। ऐसा ही एक नियम है "7% रूल" यानी 7% का नियम. यह एक ऐसा रूल है, जिसे शेयर बाजार ट्रेडिंग से लेकर रिटायरमेंट प्लानिंग और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट तक, इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन ऐसे किसी भी नियम को सिर्फ एक इंडिकेटिव टूल की तरह लेना चाहिए, इन्हें आंख मूंदकर फॉलो करना ठीक नहीं होता।

### शेयर बाजार में सात प्रतिशत का रूल

ट्रेडिंग करते समय भावनाओं में बहकर फैसला करना सही नहीं होता। कई बार हमारे स्टॉक्स या निवेश की कीमत गिरती रहती है, लेकिन हम स्टॉप लॉस पर अमल करने की जगह रिकवरी की उम्मीद में इंतजार करते रह जाते हैं। इस चक्कर में कई बार बड़ा नुकसान हो जाता है। स्टॉक मार्केट इनवेस्टमें में 7% रूल का मतलब यह है कि आपने कोई शेयर जिस प्राइस पर खरीदा है, उससे 7% नीचे गिरने पर उसे बेच दें, यानी 7% का स्टॉप लॉस लगाएं, इससे आप अपनी पूंजी को आगे चलकर होने वाले बड़े नुकसान से बचा पाएंगे। यहां 7% की लिमिट इसलिए रखी गई है, क्योंकि आंकड़ों पर आधारित कई रिसर्च में यह पाया गया है कि बाजार में माहौल सामान्य हो, तो कोई शेयर 7-8% से ज्यादा गिरने का मतलब उस कंपनी में कोई गंभीर दिक्कत हो सकता है। यानी यह लेवल एक अलार्म की तरह काम करता है। इस नियम से ट्रेडिंग में डिसिप्लिन आता है और भावनाओं को कंट्रोल करके सही फैसला किया जा सकता है।



### स्टॉक मार्केट और शेयर की चाल देखकर करें फैसला

हालांकि हर शेयर एक जैसा नहीं होता। कुछ ज्यादा उतार-चढ़ाव वाले होते हैं। ऐसे में 7% की जगह कभी-कभी 8-10% की दूरी रखनी पड़ सकती है, जबकि स्टेबल ब्लू-चिप स्टॉक्स के लिए 7% काफी है। यानी रूल वही है, लेकिन उसका इस्तेमाल स्टॉक मार्केट और शेयर की चाल देखकर करना चाहिए।

### रिटायरमेंट प्लानिंग में 7% विदड्रॉल रूल

रिटायरमेंट प्लानिंग करते समय एक बड़ा सवाल ये होता है कि रिटायरमेंट फंड में जमा पैसे कितने साल तक चल पाएंगे? इस सवाल का जवाब देने में भी 7% का रूल इस्तेमाल किया जाता है। यहां इस रूल का मतलब है कि आप अपनी कुल रिटायरमेंट सेविंग का 7% हिस्सा पहले साल में निकाल सकते हैं। यानी अगर आपके पास 1 करोड़ रुपये हैं, तो पहले साल 7 लाख रुपये निकाल सकते हैं। इसके बाद हर साल महंगाई के असर को देखते हुए थोड़ी बढ़ोतरी कर सकते हैं।

### रिटायरमेंट प्लानिंग में 7% विदड्रॉल रूल कितना सही

हालांकि रिटायरमेंट प्लानिंग के मामले में 7% विदड्रॉल का रूल बहुत एग्रेसिव माना जा सकता है। अगर कॉर्पस की बची रकम पर रिटर्न थोड़ा कम मिले या बाजार में गिरावट आ जाए तो इतना ज्यादा पैसा निकालना आपके फंड को जल्दी खत्म कर सकता है। खासकर अगर रिटायरमेंट के बाद लंबे समय तक उस फंड पर निर्भर रहना हो। आमतौर पर 4% विदड्रॉल बेहतर और लॉन्ग टर्म के लिए ज्यादा सुरक्षित माना जाता है. यानी 7% रूल को आंख मूंदकर फॉलो करने की जगह निवेश पर मिल रहे रिटर्न और आगे की जरूरतों को ध्यान में रखकर फैसला करना चाहिए।

### प्रॉपर्टी सेलेक्शन में 7% रिटर्न का रूल

अगर आप किराये पर देने के लिए प्रॉपर्टी खरीदना चाहते हैं, तो इस रूल से तुरंत अंदाजा लग जाता है कि डील फायदेमंद है या नहीं। इसके अनुसार किसी भी प्रॉपर्टी से एक साल में मिलने वाली रेंटल इनकम प्रॉपर्टी की वैल्यू के कम से कम 7% के बराबर होनी चाहिए। यानी अगर किसी घर या दुकान की कीमत 1 करोड़ रुपये है, तो उससे एक साल में कम से कम 7 लाख रुपये किराया मिलना चाहिए। यह रूल प्रॉपर्टी खरीदते समय अच्छे ऑप्शन की पहचान करना आसान बनाता है।

### रूल से सिर्फ मदद लें, फैसला खुद करें

7% रूल शेयर बाजार, प्रॉपर्टी परचेज और रिटायरमेंट जैसे तीन बड़े आर्थिक फैसलों में आपकी मदद कर सकता है, लेकिन हर व्यक्ति की आर्थिक स्थिति, उम्र और जोखिम उठाने की क्षमता अलग-अलग होती है। इसके अलावा मार्केट कंडीशन्स और भविष्य की संभावनाओं पर आधारित आउटलुक भी बदलते रहते हैं, इसलिए इस रूल को समझकर, जरूरत के हिसाब से एडजस्ट करके चलें, निवेश के बारे में सही फैसला तभी ले पाएंगे, जब किसी नियम पर आंख बंद करके यकीन करने की जगह सभी पहलुओं पर विचार करके कदम उठाएंगे।

## लग्जरी लाइफ या ईएमआई का मकड़जाल

# किसी मुगालते में तो नहीं जी रहे आप

- अमीरी सिर्फ दिखावे की तो नहीं, ये रेड फ्लैग देखकर हो जाएं अलर्ट
- ईएमआई और बीपीएनएल की मदद से अमीरों जैसे दिखने का प्रयास ने करें
- इस तरह तो कर्ज में ही फंसे रहेंगे आप, नहीं मिलेगी कहीं भी राहत
- सैलरी ईएमआई, क्रेडिट कार्ड बिल और उधारी में खत्म होना ठीक नहीं



सतर्कता

बिजनेस डेस्क

अगर आप भी सिर्फ दिखावे के लिए लग्जरी लाइफ जी रहे हैं और अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए लोन और कर्ज पर निर्भर हैं तो सावधान हो जाएं, आप कर्ज के मकड़जाल में फंसते जा रहे हैं। यह आपके जीवन को तबाह कर सकता है। मसलन दिखावे की अमीरी के लिए आप बैंक से लोन ले रहे हैं, बेहताशा क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर रहे हैं या फाइनेंसरों के जाल में फंस रहे हैं तो यह किसी भी नजरिये से ठीक नहीं हैं। सोशल मीडिया पर ट्रैवल फोटो, नई कार, ब्रांडेड फोन और फैशन देखकर लगता है कि बाकी सब लाइफ में मस्त हैं और आप पीछे रह गए हैं। इसके बाद शुरुआत होती है ईएमआई, क्रेडिट कार्ड और बीएनपीएल की दुनिया। यही मुगालता आपको कर्ज में फंसता है और इससे निकलना काफी मुश्किल हो जाता है। चूंकि व्यक्ति एक लोन चुकाने के लिए दूसरा लेता है, फिर तीसरा और एक दिन ऐसा आता है जब कर्ज उतारना ही मुश्किल हो जाता है और यह कर्ज का मकड़जाल व्यक्ति को आत्महत्या करने तक विवश कर देता है।

### फंसते जाएंगे कर्ज के दल-दल में

देखने में यह सब आसान लगता है, लेकिन धीरे-धीरे ये आदत कर्ज के दलदल की तरफ ले जाती है। अगर आप भी बिना सोचे-समझे ऐसी चीजें खरीद रहे हैं जो आपकी सैलरी अफोर्ड नहीं कर सकती, तो यकीन मानिए ये लाइफस्टाइल दिखने में ग्लैमरस है, लेकिन आपके फाइनेंशियल फ्यूचर के लिए बहुत खतरनाक।

### एक कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज लेना

ये बहुत बड़ा अलर्ट है। अगर आप क्रेडिट कार्ड का बिल दूसरे कार्ड से भर रहे हैं, पर्सनल लोन की किस्त बीएनपीएल से दे रहे हैं, दोस्तों से उधार लेकर मिनिमम ड्यू भर रहे हैं तो समझ लीजिए, आप कर्ज के चक्रव्यूह में फंस चुके हैं। समय रहते यदि इस कर्ज के चक्रव्यूह से नहीं निकले तो आपको भारी परेशानियों का समना करना पड़ सकता है। इसलिए पहले से ही सावधान हो जाएं और एक कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज न लें।

### ईएमआई में जा रहा सैलरी का 40% या उससे ज्यादा हिस्सा

अगर आपकी सैलरी 60,000 रुपये है, तो ईएमआई 24,000 रुपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। अगर आपकी रुपये इससे ज्यादा है, तो इसका मतलब है कि आपकी लाइफस्टाइल आपकी सैलरी से बड़ी है, और ये सीधा जोखिम है।

### आपके पास 3-6 माह के खर्च जितना इमरजेंसी फंड नहीं

असली अमीरी ब्रांड्स में नहीं, बल्कि इस बात में है कि अगर कल नौकरी चली जाए तो आप बिना उधार लिए जी सकें। अगर आपके पास 3 महीने का खर्च भी सेव नहीं है, तो आपकी 'अमीरी' सिर्फ दिखावा है। इसलिए दिखावे से पहले बचत की आदत डालें।

### सैलरी आते ही खत्म हो रही

अगर सैलरी आने से पहले ही तय हो चुका है कि वो ईएमआई, कार्ड और बिलों में चली जाएगी और आपके लिए कुछ नहीं बचेगा, तो ये साफ संकेत है कि आप पे-चेक टू पे-चेक में जी रहे हैं। इसका मतलब है कि आप पैसों को नहीं, पैसे आपको कंट्रोल कर रहे हैं। ऐसे हालात से भी आपका बचना बेहद जरूरी है।




समझदारी

बिजनेस डेस्क

# छोटे-छोटे निवेश करके भी तैयार कर सकते हैं बड़ा फंड

- तीस हजार की सैलरी में भी बना सकते हैं 10 लाख का फंड
- थोड़ा संयम और सावधानी से करना होगा निवेश
- नियमित बचत से आप अपना भविष्य कर सकते हैं सुरक्षित

अगर आपकी आमदनी कम है और आप बचत करना चाहते हैं तो छोटा सा निवेश करके भी आसानी से 10 लाख रुपये तक का फंड जुटा सकते हैं, इससे आपको परेशानी भी नहीं होगी और आप अपनी जरूरत के हिसाब से फंड जुटा पाएंगे। इसके लिए आपको थोड़ा संयम बरताना होगा और वित्तीय योजना भी बनानी होगी। तभी आप अपने निवेश के मकसद में सफल हो पाएंगे। भविष्य में आने वाली मुश्किलों से बचने के लिए आर्थिक रूप से स्थिर होना बेहद आवश्यक है। कम सैलरी होने पर भी छोटे-छोटे निवेश करके एक बड़ा फंड बनाया जा सकता है। नियमित बचत से भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। आज के समय में बचत बेहद जरूरी है। जीवन में कभी भी वित्तीय परेशानी आ सकती है। इस वित्तीय परेशानी से आपको बचत ही बचा सकती है, लेकिन कम सैलरी में सेविंग करना मुश्किल है। बहुत से फ्रेशर्स या युवाओं को शुरुआती सैलरी 30 हजार के आसपास मिलती है। लेकिन युवा इस सैलरी में भी आसानी से अपने लिए दस लाख रुपये तक का फंड एकत्र कर सकते हैं। इस रिपोर्ट में हमने कैलकुलेशन के दौरान मासिक सैलरी 30 हजार मानी है। 30 हजार मासिक सैलरी में खर्चों के साथ सेविंग करना मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं।



### 50:30:20 फॉर्मूला अपनाएं

आप सैलरी मैनेज के लिए 50:30:20 फॉर्मूला का इस्तेमाल कर सकते हैं।

- **50 फीसदी-** सैलरी का 50 फीसदी पैसा जरूरी खर्चों के लिए इस्तेमाल करें। 30 हजार सैलरी में आप 15 हजार अपने जरूरी खर्चे जैसे बिजली का बिल, राशन, किराया इत्यादि के लिए कर सकते हैं।
- **30 फीसदी-** इसके साथ ही 30 फीसदी पैसा आप सेविंग के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। 30 हजार रुपये से 9000 हजार रुपये आप सेविंग के लिए उपयोग कर सकते हैं।
- **20 फीसदी-** बाकी का बचा 20 फीसदी पैसा आप अपने शौक या मनोरंजन के लिए उपयोग कर सकते हैं।
- 30 हजार में आप 6000 रुपये आप मूवी देखना, नए कपड़े लेना इत्यादि ऐसे कामों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

### 9000 रुपये से कैसे बनाए 10 लाख रुपये का फंड?

जैसे की हमने ऊपर देखा कि आप 30 हजार सैलरी से आसानी से 9000 रुपये बचा सकते हैं। लेकिन आप 9000 रुपये पूरे म्यूचुअल फंड में निवेश न करें। आप इनमें से 5000 रुपये म्यूचुअल फंड और बाकी के 4000 रुपये आरडी या अन्य सुरक्षित स्कीम में निवेश करें। इससे आपका पोर्टफोलियो बैलेंस बनता है।

### म्यूचुअल फंड

- म्यूचुअल फंड में करें 5000 रुपये निवेश
- अगर आप 8 साल के लिए हर महीने 5000 रुपये निवेश करते हैं, तो 12 फीसदी रिटर्न के हिसाब से आपको 8,08,000 रुपये मिल जाएंगे। आपका केवल मूलधन ही 4,80,000 रुपये होगा।

### आरडी में करें 4000 रुपये



इसी तरह आप एसबीआई की आरडी में 6 साल के लिए हर महीने 4000 रुपये निवेश कर सकते हैं। 7.5 फीसदी रिटर्न के हिसाब से आपको मैच्योरिटी पर 3,64,580 रुपये मिल जाएंगे। इस तरह से आप 8 साल में ही 10 लाख रुपये का फंड आसानी से बना सकते हैं।

जानकारी

बिजनेस डेस्क

# क्रेडिट स्कोर को बढ़ाने के 5 आसान और असरदार तरीके

अगर आप भी अपना सिबिल स्कोर सुधारना चाहते हैं तो कुछ तरीकों को अपनाना होगा। तभी आप इसे दुरूस्त कर सकते हैं। सिबिल स्कोर आपकी वित्तीय जिम्मेदारी का आईना होता है। इसे बढ़ाने के लिए बिल समय पर चुकाएं, क्रेडिट का कम इस्तेमाल करें, बार-बार लोन न लें, अलग-अलग प्रकार के क्रेडिट रखें और रिपोर्ट नियमित चेक करें। इन आसान आदतों से आपका स्कोर मजबूत होगा और लोन आसानी से मिलेगा। क्या आप जानते हैं कि आपका सिबिल स्कोर आपके पैसे की जिम्मेदारी दिखाता है? यह सिर्फ नंबर नहीं, बल्कि आपकी वित्तीय आदतों का आईना है। एक अच्छा स्कोर होने से आप लोन या क्रेडिट कार्ड आसानी से पा सकते हैं और कम ब्याज दर का फायदा उठा सकते हैं। आइए उन आसान तरीकों के बारे में जानते हैं कि कैसे आप अपना सिबिल स्कोर बढ़ा सकते हैं और अपने वित्तीय भविष्य को मजबूत बना सकते हैं। सबसे जरूरी है कि आप अपने सभी बिल (ईएमआई , क्रेडिट कार्ड) समय पर चुकाएं। देर से पेमेंट करने से आपका स्कोर गिर सकता है। इसके लिए आप रिमाइंडर सेट कर सकते हैं या ऑटो-पे ऑप्शन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### क्रेडिट का कम इस्तेमाल करें

अपने क्रेडिट कार्ड की पूरी लिमिट इस्तेमाल करना सही नहीं है। कोशिश करें कि आप अपनी लिमिट का केवल 30% ही इस्तेमाल करें। इससे बैंक और लोन देने वाले यह समझेंगे कि आप पैसे जिम्मेदारी से खर्च करते हैं।

### बार-बार लोन के लिए न करें आवेदन

जब आप बार-बार नया लोन या क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करते हैं, तो यह आपके स्कोर पर असर डाल सकता है। इसलिए जरूरत पड़ने पर ही आवेदन करें और ज्यादा बार आवेदन न करें।

### अलग-अलग प्रकार के क्रेडिट रखे

एक अच्छा क्रेडिट प्रोफाइल बनाने के लिए सिक्योर्ड लोन (जैसे होम लोन, कार लोन) और अनसिक्योर्ड लोन (जैसे पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड) दोनों होना चाहिए। यह दिखाता है कि आप अलग-अलग तरह के लोन को संभाल सकते हैं।

### क्रेडिट रिपोर्ट समय-समय करें चेक

अपनी क्रेडिट रिपोर्ट को हर कुछ महीनों में देखें। अगर कोई गलती या डुप्लिकेट अकाउंट हो तो तुरंत सुधार कराएं। सही जानकारी होने से आपका स्कोर सुरक्षित रहता है।

### क्या है क्रेडिट स्कोर

क्रेडिट स्कोर एक संख्या होती है जो आपकी क्रेडिट योग्यता को दर्शाती है। यह संख्या आपके पिछले क्रेडिट व्यवहार, जैसे कि लाने-देने की समय परता, क्रेडिट कार्ड का उपयोग, लाने-देने की मात्रा, और अन्य कारकों पर आधारित होती है। क्रेडिट स्कोर की रेंजभारत में क्रेडिट स्कोर की रेंज आमतौर पर 300 से 900 तक होती है। ज्यादा स्कोर अच्छा माना जाता है।

- **750 से ऊपर**: अच्छा क्रेडिट स्कोर (लाने-देने की अच्छी संभावना)
- **700-749**: औसत से अच्छा
- **600-699**: औसत
- **600 से नीचे**: खराब क्रेडिट स्कोर (लाने-देने में दिक्कत)

### क्रेडिट स्कोर को प्रभावित करने वाले कारक

1. पेमेंट हिस्ट्री (35%): समय पर बिल और ईएमआई का भुगतान।
2. क्रेडिट यूटिलाइजेशन (30%): क्रेडिट कार्ड की सीमा का कितना उपयोग किया।
3. क्रेडिट हिस्ट्री की लंबाई (15%): क्रेडिट खाते कितने पुराने हैं।
4. क्रेडिट मिक्स (10%): विभिन्न प्रकार के क्रेडिट (कार लाने, होम लाने, क्रेडिट कार्ड)।
5. नए क्रेडिट एप्लिकेशन (10%): बार-बार लाने के लिए आवेदन करना।

### क्रेडिट स्कोर क्यों महत्वपूर्ण है?

- **लाने-देने की मंजूरी**: अच्छा स्कोर होने पर लाने आसानी से मिलते हैं।
- **कम ब्याज दर**: अच्छा स्कोर होने पर ब्याज दर कम मिलती है।
- **क्रेडिट कार्ड ऑफर**: अच्छे स्कोर पर बेहतर क्रेडिट कार्ड मिलते हैं।

### रखें ध्यान

- क्रेडिट कार्ड की सीमा का 30% से कम उपयोग करें।
- अनावश्यक क्रेडिट कार्ड बंद करें।
- बार-बार लाने के लिए आवेदन न करें।
- क्रेडिट रिपोर्ट में गलतियां होने पर सुधार करें।

## खबर संक्षेप

### जींदः150 लीटर लाहण बरामद, आरोपित काबू

जींद। सीआईए स्टाफ सफीदों ने रोहड में एक ठिकाने पर छापेमारी कर 150 लीटर लाहण बरामद की है। सदर थाना पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी कि गांव रोहड़ निवासी सुखविंद्र अवैध शराब को कारोबार करता है।

### भगत सिंह की मूर्ति स्थापना समारोह आज

जींद। महासिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बराह खुर्द में सात दिसंबर को शहीद ए आजम भगत सिंह की मूर्ति स्थापना का आयोजन होने जा रहा है। इस समारोह में शहीद भगत सिंह के सुपौत्र यादवेंद्र सिंह संधू मुख्यअतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। इस समारोह के लिए आसपास के गांव से हजारों लोगो को न्योता दिया है। समारोह में जींद के डीसी मोहम्मद इमरान रजा, एसपी कुलदीप सिंह, जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा, नगर परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि डा. राज सैनी आदि मौजूद रहेंगे।

### दो कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आज

जींद। भारत विकास परिषद जयंती शाखा जींद द्वारा रविवार को द्वितीय सामूहिक विवाह समारोह सोमनाथ मनसा देवी मंदिर परिसर में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। परिषद द्वारा जरूरतमंद परिवारों की दो बेटियों कोमल संग राजकुमार एवं सोनिया संग दीपक का विवाह पूर्ण रीति रिवाजों के साथ संपन्न करवाया जाएगा।

### सीजेएम ने किया नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण

जींद। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जींद पूनम सुनेजा के निर्देश अनुसार मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका ने शनिवार को सोमनाथ मंदिर के पास के नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। प्राधिकरण सचिव ने नशे की परिभाषा से लेकर उसके प्रकार प्रतिबंध और चेतावनी युक्त नशों के बारे बताया।

### सफीदों के विधायक की सदस्यता रद्द करे सरकार

जींद। सफीदों विधायक रामकुमार गौतम आए दिन समाज विरोधी बयान दे रहे हैं। जिससे समाज में प्रति दिन रोष व निराशा बढ़ रही है। माजरा खाप पंचायत जींद के प्रधान गुरविंदर सिंह संधू, कंडेला खाप पंचायत प्रधान ओमप्रकाश कंडेला ने कहा कि सरकार विधायक के अपशब्दों पर रोक क्यो नही लगा रही है। ऐसे में विधायक की सदस्यता रद्द कि जानी चाहिए।

### चोरी के दो आरोपित काबू, सामान बरामद

जींद। शहर थाना पुलिस ने दो चोरी की गुत्थियां सुलझाते हुए दो आरोपितों को काबू कर कब्जे से चोरीशुदा स्कूटी, नगदी व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। शहर थाना प्रभारी पूर्णदास ने बताया कि जींद निवासी आशीष की स्कूटी सब्जी मंडी से चोरी हो गई थी। पुलिस जांच में नारनौद निवासी संदीप का नाम सामने आया था। पुलिस ने कार्रवाई करते सदीप को काबू कर उसके कब्जे से स्कूटी को बरामद कर लिया।

### सद्भाव यात्रा के यात्रियों के लिए सम्मान समारोह

जींद। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष लाजवंती डाहौला ने बताया कि पूर्व सांसद व कांग्रेस कमेटी के विदेशी मामलों के उपाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह द्वारा प्रदेश में आयोजित सद्भाव यात्रा जोकि हरियाणा के 90 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरेगी के दो चरण सफल रहे।

### सफीदों में 100 कुंडीय हवन का आयोजन आज

जींद। नशा मुक्त अभियान के तहत 7 दिसंबर को सफीदों के रामलीला ग्राउंड में कलीराम डीएवी स्कूल के द्वारा 100 कुंडीय हवन किया जाएगा। पद्मश्री डा. पूनम सूरी की अध्यक्षता व आर्य युवा समाज के प्रधान योगी सूरी के आह्वान पर कलीराम डीएवी के प्राचार्य पंकज के दिशा-निर्देश में नशा मुक्त राष्ट्र अभियान के तहत यज्ञ रामलीला ग्राउंड सफीदों में संपन्न होगा।

## एनआईएलएम विवि में दो दिवसीय जूनियर स्टेट खो-खो चैंपियनशिप का आगाज

# बॉयज वर्ग में सोनीपत की टीम ने गुरुग्राम को दी मात

**प्रदेश भर से 22 टीमों की भागीदारी**

## क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एनआईएलएम यूनिवर्सिटी में हरियाणा जूनियर स्टेट बॉयज और गर्ल्स खो-खो चैंपियनशिप का दो दिवसीय आयोजन शुरू हो गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से कुल 22 टीमों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों से संवाद करते कहा कि खेल न केवल व्यक्ति को स्वस्थ बनाते हैं बल्कि एक स्वस्थ और अनुशासित समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सरकार की स्पोर्ट्स पॉलिसी के तहत खिलाड़ियों को दी जा रही सुविधाओं, पुरस्कारों और प्रोत्साहन राशि का उल्लेख किया। साथ ही एनआईएलएम यूनिवर्सिटी को भविष्य में स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। यूं रहे परिणामः गर्ल्स वर्ग में कुल 11 मुकाबले खेले गए। इनमें हिसार ने पलवल को, सिरसा ने नूंह को,चरखी दादरी ने करनाल को, कुरुक्षेत्र ने अंबाला, फतेहाबाद ने महेंद्रगढ़, कैथल ने पंचकूला, सोनीपत ने भिवानी तथा पानीपत ने फरीदाबाद को मात दी। बॉयज़ वर्ग में सोनीपत ने गुरुग्राम, कैथल ने झज्जर, कुरुक्षेत्र ने भिवानी, पानीपत ने पंचकूला, जींद ने करनाल, फतेहाबाद ने महेंद्रगढ़ तथा रोहतक ने चरखी दादरी को हराया। ये सभी मुकाबले क्वार्टर फाइनल स्तर के थे, जिन्हें दर्शकों ने उत्साहपूर्वक देखा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में गुल्हा के पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, भाजपा कैथल जिला के पूर्व प्रधान मनीष कठवाड़, कुरुक्षेत्र जाट धर्मशाला के कृष्ण श्योकंद, कैथल बार एसो के प्रधान संदीप शर्मा, हरियाणा खो-खो एसोसिएशन के महासचिव महेंद्र कंबोज, एसोसिएशन के पूर्व महासचिव अलबाद सिंह राणा, वृषभान सिंह, वीरभान कड़ियाँ, बलवान सिंह, राजबीर सिंह, सोहनलाल, अनिल दलाल, सुनील कुमार, धीर सिंह मालिक, सतीश कुमार और रणदीप सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



विधायक सतपाल जांबा का स्वागत करते एनआइआइएलएम के अधिकारी।



राजौंद। गांव रोहेड़ा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान मौजूद।

### कबड्डी का आयोजन

राजौंद। रोहेड़ा के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में दूसरे दिन नेशनल कबड्डी का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा व पंजाब की टीमों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। आयोजक बलवान सिंह फौजी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 24 टीमों ने भाग लिया जिसमें 21 टीम हरियाणा व 3 पंजाब की टीमों ने भाग लिया। बताया कि 11 वर्षों से इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है जिसमें रोहेड़ा में चौथी बार इस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ है। बताया कि लड़कियों की नेशनल कबड्डी 57 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 21000 रुपये व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 11000 और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 5100 नगद इनाम राशि देकर सम्मानित किया।

# कैथलः एड्स जागरूकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

पी एम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीवन में प्रातःकालीन सभा के दौरान एचआईवी विषय पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और उपस्थित लोग एचआईवी तथा एड्स के बारे में सही जानकारी प्राप्त कर रोकथाम के उपाय समझें तथा समाज में चल रही भ्रांतियों को दूर किया जाए। प्राचार्य धर्मपाल सहारण ने सभा को संबोधित करते बताया कि एचआईवी शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है।




सीवन। कन्या स्कूल में रैली निकालती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### जागरूकता बहुत जरूरी

रोग का यदि समय पर और उचित इलाज न किया जाए तो यह एड्स की ओर प्रगति कर सकता है। प्राचार्य ने कहा कि यह कोई मिथक नहीं बल्कि गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, इसलिए समाज में जागरूकता बहुत जरूरी है। लीगल लिटरेसी सेल की इंचार्ज डॉ. भूपेंद्र कौर ने एचआईवी के संचरण संबंधित सामान्य भ्रांतियों को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि एचआईवी सामान्य तौर पर सांस लेने, छूने, छींकने या मच्छरों के काटने से नहीं फैलता। कार्यक्रम के अंतिम चरण में छात्रों द्वारा समाज में जागरूकता बढ़ाने हेतु एक रैली निकाली गई, जिसमें विद्यालय स्टाफ और कई गणमान्य उपस्थित रहे। रैली में विशेष रूप से गुरदेव सिंह, आशा, पिंकी, गोल्डी, रेखा, पूनम, लवेल सिंह तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय सहयोग दिया।



कैथल। एचसी सुनील कुमार ग्रामीणों को नशा न करने बारे जागरूक करते।

### नशे के खिलाफ किया जागरूक

कैथल। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल की अगुवाई में एसआई कर्मबीर, एचसी सुनील , महिला सिपाही किस्मत व सोनिया, तथा एसपीओ राजपाल, प्रदीप कुमार और जसविंदर की टीम ने पबनावा, टीक व कैथल शहर में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे विस्तारपूर्वक जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि टीम ने लोगों को समझाया कि नशा आज समाज के लिए गंभीर अभिशाप बन चुका है। नशे ने लाखों परिवारों को बर्बाद किया है और हर साल हजारों युवा इसकी दलदल में फंसकर अपनी जान गंवा रहे हैं। युवा ही देश की नींव होते हैं, लेकिन उन्हीं युवाओं को नशे की लत पकड़ रही है, जो राष्ट्र के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इसलिए समाज को हर हाल में नशे से दूरी बनानी होगी और युवाओं को पढ़ाई व खेलों में उत्कृष्टता हासिल कर राष्ट्र निर्माण में योगदान करना चाहिए। टीम ने बताया कि नशा मुक्त हरियाणा मुहिम केवल पुलिस के दम पर सफल नहीं हो सकती, बल्कि इसमें आमजन का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

### ज्ञानदीप स्कूल में किया काव्य-गोष्ठी का आयोजन

कैथल। जिले के क्योड़क के ज्ञानदीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रबंधक समिति द्वारा कवियों और बच्चों के बीच संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया । अध्यक्षता विद्यालय की स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान एवं संस्थापक हरपाल आर्य ने की। मंच-संचालन कवि एवं कृषक विनोद छोक्कर ने किया। गोष्ठी के आरंभ में कवि-गणों का विद्यालय के प्रबंधक एवं संस्थापक हरपाल आर्य ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया और कहा कि आज के आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र के कवि-गणों से विद्यार्थियों को रू-ब-रू करवाना और बच्चों में साहित्यिक संस्कार सिंचित करना है। गोष्ठी का विधिवत रूप से आरंभ मधु गोयल मधुल द्वारा की गई सरस्वती-वंदना से हुआ। दिसम्बर मास के माध्यम समय-चक्र को इन शब्दों में व्यक्त किया : मैं महीना हूं दिसम्बर का, लौटकर आऊंगा अगले बरस।फिर से नया किरदार निभाने को।

### केंद्रीय मंत्री आवास पर महापड़ाव को लेकर बैठक

जींद। करनाल में केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल के आवास पर महापड़ाव डाला जा रहा है। जिसमें आशा वर्करों एवं आशा फैसिलिटेटरों द्वारा 8 दिसंबर को भाग लिया जाएगा। महापड़ाव के लिए शनिवार को जुलाना पीएचसी में आशा वर्करों व आशा फैसिलिटेटरो ने बैठक की। आशा फैसलीटेटर रेणु ने संबोधित करते बताया कि भाजपा सरकार मजदूर, कर्मचारी विरोधी नीतियों, आशा वर्कर्स की लंबित मांगों को अनदेखा करने और चारों लेबर कोड्स लागू करने के खिलाफ जींद जिला की सैकड़ों आशा वर्कर्स एवं फैसिलिटेटर 8 को करनाल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के आवास पर होने वाले राज्य स्तरीय महापड़ाव में भारी संख्या में शामिल होंगी। करनाल का यह महापड़ाव आशा वर्कर्स का अब तक का सबसे बड़ा जमावड़ा होगा। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार ने आशा वर्कर्स के साथ घोर अन्याय किया है। आशा वर्करों को दो वर्षों से कोई भी रजिस्टर नहीं मिला जिसमें आशा वर्कर या फैसिलिटेटर अपनी गतिविधियां दर्ज कर सके।



जींद। मीटिंग में भाग लेते हुए आशा वर्कर। फोटो :हरिभूमि



जुलाना। छात्राओं को गर्म वस्त्र भेंट करते हमारा परिवार के सदस्य।

### 215 छात्राओं को गर्म वस्त्र वितरित

जुलाना। जुलाना कस्बे के राजकीय पीएम श्री कन्या स्कूल में शनिवार को हमारा परिवार जुलाना इकाई द्वारा जरूरतमंद छात्राओं के लिए गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल प्रांगण में समारोह का आयोजन हुआ। अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य सुनील नेहरा ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में कार्यपालक अभियंता कंवलजीत सैनी और विशिष्ट अतिथि के रूप में आरोग्यम अस्पताल के डायरेक्टर डा. योगेश नांदल तथा डा. हर्षिता अहलावत उपस्थित रहे। हमारा परिवार संस्थ की ओर से 215 छात्राओं को गर्म स्वेटर और अन्य ऊनी वस्त्र वितरित किए गए। ईकाई अध्यक्ष संजीत कौशिक ने कार्यक्रम को संबोधित करते बताया कि हमारा परिवार संस्था पिछले कई वर्षों से समाजहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही है। कहा कि संस्था द्वारा अबतक लगभग पांच हजार पौधे लगाए गए हैं। जिनकी नियमित रूप से देखरेख भी की जाती है। इसके साथ ही हर वर्ष सर्दियों की दस्तक के साथ संस्था द्वारा गरीब और जरूरतमंद बच्चों को गर्म वस्त्र उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिक सामाजिक सेवा का हिस्सा है।

### समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए शपथ ली

जींद। छोटूराम किसान कालेज में भारत सरकार द्वारा चलाए गए नशा मुक्ति अभियान के तहत विद्यार्थियों ने नशा न करने और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए शपथ ली। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. जगबीर सिंह ने नशे को समाज के लिए घातक बताते हुए इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया। नशा मुक्ति सैल के इंचार्ज डा सत कुमार ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाकर समाज में परिवार को नशे से दूर रखने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर डा. राजपाल ढांडा, डा. अजमेर सिंह, प्रो. सोनू उपस्थित रहे।




जींद। सीआर कालेज में रैली निकालते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि



जींद। मीटिंग में मौजूद सैनिकों के परिजन। फोटो :हरिभूमि

### मासिक सभा का आयोजन

जींद। गोहाना रोड स्थित सैनिक वाटिका में शनिवार को सैनिकों और परिवारजनों की मासिक सभा का आयोजन हुआ। पूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा आयोजित सभा में 100 से ज्यादा पूर्व सैनिक एवं उनके परिवारजनों ने शिरकत की। बैठक में 29 नवंबर को आर्मी कमांडर की हिसार कैंट में हुई पूर्व सैनिक रैली मे सूबेदार मेजर जयपाल ने सैनिक हित में लिए गए फैसलों के बारे अवगत कराया। सूबेदार वीरेंद्र लाठर ने देश में 20 मल्टी स्पेशलिटी पूर्व सैनिक अस्पताल जींद में पूर्व सैनिक सदन की शीघ्र स्थापना, सैनिक स्वास्थ्य सेवाएं, सीएसडी कैंटीन, सैनिक बोर्ड, 8वां पे कमीशन एवं सूबेदार मेजर राजेंद्र सिंह ने सैनिक परिवारजनों की कल्याणकारी योजनाओं और सर्द मौसम में अच्छी सेहत बरकरार रखने के टिप्स सुझाए। हवलदार पन्ना राम ने सभा की व्यवस्था सुनिश्चित की। आईसीआईसीआई बैंक के उत्तर भारत रीजनल हैड मयंक, दीपक पूनिया व अन्य टीम सदस्यों ने बैंकिंग सुविधाओं के बारे अहम जानकारी सांझा की।



गुहला चीका। खेलों में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### लड़कों के वर्ग में मिल्खा हाउस प्रथम

गुहला चीका। राजकीय वमावि अगोंध में इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह व उत्सवपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य संजय सिंह के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में कुल चार हाउस – मिल्खा हाउस, ध्यानचंद हाउस, मैरी कॉम हाउस और अभिनव बिंद्रा हाउस ने भाग लिया। सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन व टीम वर्क का परिचय दिया। लड़कों के वर्ग में मिल्खा हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि लड़कियों के वर्ग में अभिनव बिंद्रा हाउस ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के रेफरी की भूमिका टीजीटी फिजिकल एजुकेशन श्री रविंद्र सिंह ने निभाई। टाइमकीपर के रूप में टीजीटी हिंदी बलवान सिंह ,स्कोरर के रूप में टीजीटी करणवीर, तथाने महत्वपूर्ण योगदान दिया। मंच संचालन का दायित्व बूटा सिंह ने सफलतापूर्वक निभाया। कार्यक्रम में देवीराम, सुखदेवी सहित सैकड़ों छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की व खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

# एकता ने लिखा सबसे सुंदर सुलेख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा राज्य सहकारी विकास महासंघ (हरकोफेड) की तरफ से नव दुर्गा सीनियर सैकेंडरी स्कूल में जिला स्तरीय सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिले के लगभग 10 स्कूलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में नव दुर्गा स्कूल की एकता पुत्री राजेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जय भारत हाई स्कूल की प्राची पुत्री विनोद ने द्वितीय स्थान, बाल विकास हाई स्कूल की दिव्या पुत्री अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिव पब्लिक स्कूल की कोमल पुत्री अजीत तथा जय भारत हाई स्कूल की आशिया पुत्री असलम ने चौथा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 2100 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 1500 रुपये, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 1100 रुपये तथा चौथे व पांचवें स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 700-700 रुपये दिए गए। प्रतियोगिता ने भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को ट्राफी दी गई। इस अवसर पर रिषिपाल ने सभी स्कूलों के विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में भाग लेने पर धन्यवाद दिया व सभी स्कूलों की प्रबंधक कमेटी की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा यह अभियान विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए चलाया गया है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सोनू शर्मा (वृंदा) ने सभी स्कूलों के स्टाफ व विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।



जींद। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि




जींद। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### सही ज्ञान प्रत्येक नागरिक के लिए आवश्यक

जींद। राजकीय पीजी कालेज में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के द्वारा मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य पर एक विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक विशेष व्याख्यान व प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने औपचारिक रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संविधान किसी भी राष्ट्र की आधारशिला होता है और उसका सही ज्ञान प्रत्येक नागरिक के लिए आवश्यक है। विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में संविधान के सिद्धांतों का पालन करना चाहिए ताकि समाज में समरसता और न्याय की स्थापना हो सके। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की समझ को मजबूत करना तथा उन्हें एक सजग, उत्तरदायी एवं संवेदनशील नागरिक के रूप में तैयार करना था। मुख्य वक्ता सुशीला ने अपने विस्तृत व्याख्यान में मौलिक अधिकारों के प्रकार, उनके महत्व, उनका संरक्षण तथा उनसे जुड़ी न्यायिक व्यवस्थाओं पर प्रकाश डाला। संयोजक पूनम ने मुख्य वक्ता तथा समस्त आयोजन टीम का धन्यवाद किया और विद्यार्थियों को संविधान के मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

## बच्चों को नैतिक मूल्य-अच्छे व्यवहार के महत्व के बारे में समझाया

# इंडस पब्लिक स्कूल में उत्साह से मनाया बैगलेस-डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के विद्यार्थियों ने बैगलेस डे (नॉलेज एनरिचमेंट डे) बहुत उत्साह पूर्वक मनाया। इस विशेष दिवस का उद्देश्य बच्चों को बिना किताबों के सीखने का अवसर देना, मानसिक विकास को बढ़ावा देना तथा रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से कौशल का विकास करना था। कार्यक्रम की शुरुआत हवन से हुई। इसके बाद संस्कारशाला में बच्चों को नैतिक मूल्यों और अच्छे व्यवहार के महत्व के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों ने लाइफ स्किल्स से संबंधित बहुत सी गतिविधियां भी की। बच्चों को सड़क सुरक्षा ट्रैफिक सिग्नल और सुरक्षित चलने फिरने के नियमों के बारे में रोचक व सरल तरीके से समझाया गया। नन्हे-नन्हे बच्चों ने गुड मैनर्स पर प्रस्तुति देकर संदेश दिया कि अच्छी आदतों का पालन करके हम अपने जीवन को खुशहाल बना सकते हैं। मुख्य अध्यापिका गुरमीत कौर ने कहा कि विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए हमारा प्रयास इन गतिविधियों के माध्यम से उनके रचनात्मक व व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देना है।







जींद। बैगलेस डे के दौरान मस्ती करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि




जींद। राखी गढ़ी का शैक्षणिक भ्रमण करते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों ने किया राखी गढ़ी का भ्रमण

जींद। गांव मोरखी के राजकीय वमावि द्वारा शनिवार को विद्यार्थियों को विश्व प्रसिद्ध राखीगढ़ी पुरातात्विक स्थल का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा में पढ़ाए जाने वाले विषयों को वास्तविक जीवन से जोडना तथा भारत की प्राचीन संस्कृति, समृद्ध विरासत और सिंधु घाटी सभ्यता के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने पुरातत्व उत्खनन की प्रक्रियाओं, संरक्षण तकनीकों तथा ऐतिहासिक स्थलों के महत्व के बारे में विशेषज्ञों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। यह यात्रा विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही। जिसने विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया। विद्यालय के प्राचार्य पुरुषोत्तम दास ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में जिज्ञासा, कौशल, अनुसंधान क्षमता और व्यावहारिक समझ विकसित करने में अत्यंत सहायक होते हैं। विद्यालय भविष्य में भी ऐसे सार्थक शैक्षणिक अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इतिहास पीजीटी मोहनलाल, अशोक तथा सुशीला भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 8 को राजौंद मंडल के सभी कार्यकर्ताओं की बैठक

**राजौंद।** 8 दिसंबर को गांव सौंगल के भगवान परशुराम भवन में भाजपा राजौंद मंडल के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक होगी। जानकारी देते हुए राजौंद मंडल अध्यक्ष सुशील पांचाल ने बताया कि इस बैठक में संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा संगठनात्मक बैठक लेंगे। राजौंद मंडल की यह मीटिंग बहुत ही महत्वपूर्ण है जिसमें सभी बुथ अध्यक्ष बी एल ओ सभी शक्ति केंद्र प्रमुख मंडल व जिला के सभी पदाधिकारियों की मौजूदगी होगी।

### आपरेशन हॉट स्पाट: पांच दिन में 17 आरोपित काबू

**जींद।** जिला पुलिस ने आपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन के तहत पिछले पांच दिनों में चोरी के मामले सुलझाने, नशे पर रोक लगाने समेत अन्य गुत्थियों को सुलझाते हुए 17 आरोपितों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपितों से लाहण, नगदी, जेवरात समेत अन्य सामान को बरामद किया है। पुलिस आरोपितो से पूछताछ कर रही है।

### नो नशा नेशन अभियान का आगाज

**कैथल।** 'नशा मुक्त राष्ट्र' अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से डी.ए.वी संस्था के प्रधान आर्यरत्न पूनम सूरी एवं आर्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के आह्वान पर 7 दिसंबर 2025 को हरियाणा के 100 डीएवी स्कूलों एवं 16 कॉलेजों द्वारा अपने-अपने शहर के भिन्न-भिन्न स्थानों पर एक साथ 100 कुंडीय हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रति विद्यालय 100 विद्यार्थी एक ही समय पर हवन करेंगे।

### एआई के दौर पुस्तकालयों पर बड़ा संकट : रमन

**कलायत।** एआई के दौर को पुस्तकालयों पर बड़ा संकट बताया है। इसको लेकर पड़ोसी राज्य पंजाब में सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल अरनो की पुस्तकालय अध्यक्ष रमन अब पंजाब, हरियाणा व देश के विभिन्न हिस्सों में जागृति अभियान को गति देने में लगी हैं। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते इस दौर में एआई ने हर क्षेत्र को नई दिशा दी है। लगातार इसका उपयोग बढ़ता जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य व उद्योग से लेकर हमारे रोजमर्रा के जीवन तक एआई ने काम करने के तरीके में एक क्रांति ला दी है। लेकिन इससे पुस्तकालय गहरे संकट से गुजर रहे है।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

# डॉ. अंबेडकर के कार्य सामाजिक एवं राजनीतिक संरचना का मुख्य आधार

हर गरीब, दलित, पिछड़ा वर्ग और अन्य वंचित समुदाय आज विकास की मुख्यधारा से जुड़ सका


जींद। बाबा साहेब को नमन करते हुए कर्मवीर सैनी। फोटो : हरिभूमि


जींद। रक्तदाताओं की हौसलाअफजाही करते हुए अतुल चौहान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने शनिवार को रानी तालाब पर स्थित भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि डा. बीआर अंबेडकर का जीवन संघर्ष उनके विचार और उनके द्वारा स्थापित संविधान आज भी देश को दिशा प्रदान कर रहे हैं। भारत का हर गरीब, दलित, पिछड़ा वर्ग और अन्य वंचित समुदाय यदि आज विकास की मुख्यधारा से जुड़ सका है तो इसका श्रेय प्रमुख रूप से बाबा साहब की दूरदृष्टि, सामाजिक न्याय की परिकल्पना और उनके अदम्य साहस को जाता है। देश से विकास और वंचित वर्गों के उत्थान करने को लेकर डा. अंबेडकर के योगदान का वर्णन करना सूर्य को दीपक दिखाने जैसा है। क्योंकि उनका कार्य भारत की सामाजिक एवं राजनीतिक संरचना का मुख्य आधार हैं। कर्मवीर सैनी ने बताया कि आज केंद्र और राज्य की सरकार अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान और उनके प्रदर्शित मार्ग पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में जुटी हैं। पिछले वर्षों में ऐसी अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं प्रारंभ की गई है। जिससे गरीब से गरीब व्यक्ति को प्रत्यक्ष तौर पर लाभ मिल रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में चलाए जा रहे कार्यक्रमों ने वंचित समुदायों को मजबूती प्रदान की है और उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने कहा कि डा. अंबेडकर का संदेश केवल एक समुदाय तक सीमित नहीं बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। इस मौके पर जिला पार्षद विनोद सैनी, जयकिशन जामनी, ईश्वर सिंह, देशराज सरोहा, राजा जलालपुर, रमेश कुमार, पप्पू निर्जन, जस्सा पहलवान, अरविंद्र सिल्की, दिव्यजीत पातलान, देवांश पातलान, अंकुश दुहन आदि मौजूद थे।


जींद। कार्यक्रम में मौजूद संगठन सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### किसान छात्र संगठन ने किया याद

**जींद।** किसान छात्र एकता संगठन ने शनिवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। संगठन के पदाधिकारियों और छात्रों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से छात्र नेता अभिषेक जुलाना, युवा अध्यक्ष नवरतन माथुर तथा संगठन के सक्रिय सदस्य दीक्षा और प्रथम उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि वे बाबा साहेब द्वारा स्थापित समानता, न्याय और शिक्षा के आदर्शों को निरंतर आगे बढ़ाते रहेंगे। युवा छात्र नेता नवरतन माथुर ने कहा कि बाबा साहेब ने जो संविधान दियाए वह हमारे अधिकारों की नींव है। छात्रों और युवाओं का दायित्व है कि वे इन मूल्यों को जीवन में आत्मसात करें।

### महापरिनिर्वाण दिवस पर रक्तदान शिविर

**जींद।** डा. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर लाइफ गुड अवेयरनेस फाउंडेशन द्वारा रानी तालाब पर 10वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर वशिष्ठ अतिथि के रूप में पहुंचे मुख्य समाजसेवी व युवा भाजपा नेता अतुल चौहान रहे। उन्होंने रक्तदाताओं की हौसलाअफजाही की और कहा कि रक्त को कहीं बनाया नहीं जा सकता है। केवल रक्तदान ही एकमात्र विकल्प है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें ताकि किसी जरूरतमंद को रक्त के अभाव में परेशानी का सामना ना करना पड़े। अतुल चौहान ने कहा कि हर रोज दुर्घटना में हजारों लोग दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं और उनका खून सड़क पर बह जाता है। एनीमिया, मलेरिया, डेंगू जैसी गंभीर बीमारियों में भी मरीज को खून की आवश्यकता होती है। जिसकी पूर्ति के लिए रक्तदान बहुत ही आवश्यक है। इस मौके पर डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे उनके पुत्र रुद्राक्ष मिड्ढा ने बताया कि रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती है। एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है।

# वंचितों के उत्थान में बाबा साहेब की भूमिका अग्रणी


जींद। रानी तालाब पर बाबा साहेब को नमन करते हुए रिषिपाल हैबतपुर व अन्य कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

- महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

भारतीय संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर शनिवार को शहर के रानी तालाब परिसर स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन वंचितों, गरीबों और महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष में लगा दिया। देश के विकास और वंचितों के उत्थान में बाबा साहब की सबसे अग्रणी भूमिका है।

उन्होंने संविधान के माध्यम से देश के हर नागरिक को समान अधिकार, समान अवसर और न्याय का रास्ता दिखाया। बाबा साहब ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा हथियार बताया और स्वयं अपने जीवन में कठिनाइयों का सामना करते हुए शिक्षा की ऊंचाइयों को प्राप्त किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि डा. अंबेडकर के बिना आधुनिक भारत की कल्पना भी अधूरी है। बाबा साहब ने न केवल संविधान निर्माण में अहम भूमिका निभाई बल्कि भारत की औद्योगिक, आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक संरचना को नई दिशा दी। आज देश जिस लोकतांत्रिक ढांचे में आगे बढ़ रहा है। उसकी नींव बाबा साहब ने बड़े परिश्रम और दूरदर्शिता के साथ रखी थी। रिषिपाल हैबतपुर ने आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार बाबा साहब के बनाए संविधान को तार-तार करने पर तुली हुई है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन पवन दूहन, डा. सुरेश देव कौशिक, विजय मोर, धर्मपाल सिंहमार, सुखी राम धरोदी, सुरेश शर्मा, चंद्रभान जांगड़ा, रणधीर ढुल, राजकुमारी, बिमला सिवाच, जेपी सिंह रूहील, ईशाक भट्टी, शिवा वाल्मीकि समेत अन्य नेताओं, कार्यकर्ताओं व गणमान्य नागरिकों ने बाबा साहेब के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।


कलायत। कलायत के गांव बात्ता में शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ मौजूद न्यायाधीश।

### छोटे बच्चों को पुलिस स्टेशन नहीं ले जा सकते

**कलायत।** कलायत के गांव बात्ता स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से कानूनी साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में सिविल जज जूनियर डिवीजन कम जुडिशल मजिस्ट्रेट कुमारी जैस्मिन और सिविल जज कम जुडिशल मजिस्ट्रेट मिस गुंजन ठाकुर ने शिकरत की। उनके साथ मुख्य रूप से एडवोकेट नवनीत कुमार व पीएलवी सुनीता देवी भी मौजूद रहे। न्यायाधीशों का स्कूल में पहुंचने पर प्रधानाचार्य सुभाष दीवान की अगुवाई में एसएमसी प्रधान संजीव कुमार, सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार व विद्यालय कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ प्रभारी प्रवीण कुमार ने परंपरा अनुसार अभिनंदन किया। कुमारी जैस्मिन ने संबोधन में बच्चों को जुवेनाइल एक्ट 2015 की जानकारी दी। छोटे बच्चों का मानसिक शारीरिक एवं किसी भी प्रकार की यातना से यह कानून उनकी रक्षा करता है। ऐसे बच्चों को सरकार की तरफ से कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। छोटे बच्चों को पुलिस स्टेशन नहीं ले जाया जाता। बल्कि कानूनी विशेषज्ञों द्वारा साधारण ढंग से पूछताछ की जाती है।

## मानव उत्थान सेवा समिति ने लगाया शिविर

# लोगों का स्वास्थ्य जांचा, दवाइयां बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

मानव उत्थान सेवा समिति के संस्थापक सतगुरु देव सतपाल महाराज की प्रेरणा से कैथल में सद्भावना संत सम्मेलन में सत्संग समारोह एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर श्री 11 रुद्री मंदिर चंदलाना रोड कैथल हरियाणा में लगाया गया। इस सत्संग समारोह में सतगुरु देव सतपाल महाराज के हरिद्वार से आए आत्म अनुभवी शिष्य महात्मा प्रेम प्रज्ञानंद , हंस सद्भावना मंदिर आश्रम करनाल रोड कैथल आश्रम के प्रभारी महात्मा सुमिता बाई जी और पुंडरी आश्रम से महात्मा अनुपमा बाई ने गीता और रामायण से संबंधित प्रवचन 11 रुद्री मंदिर में किया। कैथल आश्रम के प्रभारी महात्मा सुमिता बाई ने कहा कि भगवान कृष्ण ने जो ज्ञान कुरुक्षेत्र में अर्जुन को दिया आप भी सभी इस ज्ञान को जानकर अपने जीवन का कल्याण करें। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में मानव सेवा दल कैथल और कैथल आश्रम विभाग के सभी कार्यकर्ताओं और प्रेमियों का सहयोग रहा। इस इस सद्भावना संत सम्मेलन को सफल बनाने में में 11 रुद्री मंदिर के प्रधान विनोद कुमार मित्तल का विशेष योगदान रहा। इसके लिए हंस सद्भावना मंदिर कैथल आश्रम के प्रभारी महात्मा सुमिता बाई जी 11 रुद्री मंदिर के प्रधान विनोद कुमार मित्तल का हार्दिक धन्यवाद करती है।

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में चमकी जींद की बेटियां, बास्केटबॉल में जीता ब्रॉज मेडल


जींद। पदक विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

**जींद।** जयपुर में चल रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में जींद की बेटियों का दबदबा रहा। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ की तरफ से खेलते हुए जींद के नंदगढ़ की बेटी पूजा और अंशु ने बॉस्केबॉल में ब्रांज मेडल जीता। कोच अनिल आर्य ने बताया कि जींद पहुंचने पर बेटियों का जोरदार स्वागत किया जाएगा। गौरतलब है कि इस समय राजस्थान के जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स चल रहे थे। इनमें बॉस्केटबॉल के खेल में पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ की टीम का मुकाबला एलएनईपी पीयू के साथ हुआए जिसमें चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की टीम ने 42-70 से जीत हासिल की। इसके बाद कोट्टम यूनिवर्सिटी के साथ मुकाबला हुआ और उसके बाद ग्वालियर की टीम को हराते हुए जीत हासिल की और सेमीफाइनल में पहुंची। सेमीफाइनल में हार के बाद टीम को ब्रॉज मेडल से ही संतोष करना पड़ा। कोच अनिल आर्य ने बताया कि नंदगढ़ गांव की बेटी अंशु व पूजा काफी लंबे समय से गांव के ही खेल मैदान में प्रेक्टिस करती रही। इसके बाद सीनियर लेवल तक पहुंची। बेटियों की सफलता से उन्हें बहुत खुशी है और गर्व करते हैं। गांव पहुंचने पर दोनों बेटियों का जोरदार स्वागत किया जाएगा।

# दांतों के मुफ्त जांच शिविर में पहले दिन 45 मरीजों की हुई जांच

- कैनाल रोड स्थित जयराम अस्पताल में 10 दिसंबर तक चलेगा कैम्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना


जींद। दांतों की जांच करते हुए चिकित्सक।

श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति द्वारा कैनाल रोड स्थित जयराम अस्पताल में दांतों के निःशुल्क जांच शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्धघाटन समिति के प्रधान कैलाश सिंगला और संयोजक विनोद मंगला ने किया। इस दौरान कैम्प में मरीजों की जांच करने पहुंचीं डा. शशि बाला का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। शिविर के पहले ही दिन करीब 45 मरीजों ने पहुंचकर दांतों की जांच करवाई। डा. शशि बाला ने बताया कि जांच के दौरान अधिकतर मरीज पायरियाए मसूड़ों में सूजन व दर्दए मसूड़ों से खून आना और दांतों में कीड़ा लगने जैसी समस्याओं से पीड़ित पाए गए। उन्होंने कहा कि दांतों की नियमित सफाई और समय पर उपचार से इन समस्याओं से आसानी से बचा जा सकता है। मौके पर उन्होंने लोगों को दांतों की देखभाल और सही ब्रशिंग तकनीक के बारे में आवश्यक जानकारी भी दी।

# कैथल वार्ड 4 में पहुंची आदित्य सुरजेवाला निःशुल्क चलती-फिरती अस्पताल वैन

- वार्डवासियों को दी गई नि:शुल्क दवाइयां व किया गया फ्री चेकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। लोगों की स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला की पहल पर शुरू की गई "आदित्य निःशुल्क मोबाइल अस्पताल" वैन आज कैथल शहर के वार्ड नंबर 4 में पहुंची। इस चलते-फिरते अस्पताल में वार्डवासियों को पूरी तरह निःशुल्क चिकित्सा जांच और दवाइयां वितरित की गईं। सुबह से ही वार्ड 4, खुराना रोड पर लोगों की भारी भीड़ देखी गई। डॉक्टरों की टीम ने सैकड़ों मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर, सामान्य बीमारियां और अन्य जांचें कीं तथा मौके पर ही जरूरी दवाइयां मुफ्त प्रदान की। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने इस सुविधा की खूब सराहना की। आदित्य सुरजेवाला का धन्यवाद करते हुए ईश्वर पाहुजा, कमला वर्मा, चंद्रपति, रामचन्द्र, ईश्वर, रामनिवास, सतप्रकाश व वार्डवासियों ने कहा कि घर के पास ही इतनी अच्छी सुविधा मिल जाए, इससे बड़ा सौभाग्य क्या हो सकता है। आज तक ऐसा विधायक नहीं मिला जिन्होंने जनता की सेवा के लिए फ्री चेकअप और निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया जा रहा है।

# हनुमान वाटिका में श्रीमद् भागवत कथा 8 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। जानकारी देते नारायण सेवा केंद्र के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

नारायण सेवा संस्थान के नारायण सेवा केंद्र द्वारा भक्ति और समाज सेवा को समर्पित श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन 8 दिसंबर से 14 दिसंबर 2025 तक हनुमान वाटिका करनाल रोड कैथल में किया जा रहा है। इस संदर्भ में आज एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय शाखा प्रमुख डॉ. विवेक गर्ग ने जानकारी दी कि कथा का शुभारंभ 8 दिसंबर को प्रातः 11:30 बजे मंगल कलश यात्रा के साथ होगी। इसके पश्चात 1:00 बजे से 2:00 बजे तक कथा का उद्घाटन सत्र आयोजित किया जाएगा तथा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद स्वरूप भंडारे की व्यवस्था रहेगी। कथा का वाचन परम श्रद्धेय यमुनापुरी महाराज के मुखारविंद से 9 दिसंबर से 13 दिसंबर 2025 तक प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक किया जाएगा। 14 दिसंबर 2025 को समापन दिवस पर विशेष पूजन, हवन और वार्षिकोत्सव का आयोजन होगा। पिछले वर्ष 14 दिसंबर 2024 को इस सेवा केंद्र का उद्घाटन हुआ था जिसके कारण इस बार वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा। कलश यात्रा के मुख्य यजमान सुमेर चौधरी रहेंगे।


जींद। बैठक में मौजूद यूनियन सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### निर्माण मजदूर 14 को सीएम आवास का करेंगे घेराव

**जींद।** भवन निर्माण कामगार यूनियन की बैठक जिला प्रधान जोगिंद्र की अध्यक्षता में स्थानीय यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव संदीप जाजवान ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के राज्य उपाध्यक्ष कश्मीर सिंह, यूनियन राज्य कमेटी सदस्य कपूर सिंह ने कहा कि हरियाणा का संयुक्त निर्माण मोर्चा के आह्वान पर हरियाणा भर से निर्माण के मजदूर, कारीगर 14 दिसंबर की हरियाणा के मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है, तब से आए दिन मजदूरों के हक अधिकारों पर डाका डालने का काम कर रही है। जहां एक तरफ वह यह दिखाने की कोशिश करते हैं की मजदूरों का हमारे से बड़ा कोई हितैषी नहीं है। जबकि सच्चाई यह है कि पिछले 10 सालों में सबसे ज्यादा अगर कैंची किसी के अधिकारों पर चलाई है तो वह मजदूर ही है। निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड की ओर से मिलने वाले लाभ में रोजाना नई-नई शर्तें लगाकर उनको रोकने का काम भाजपा की सरकार ने किया है।

## जेजेपी का 8वां स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन आज

# जुलाना में हरे-पीले रंग में सजा विशाल पंडाल

डॉ अजय सिंह चौटाला, दुष्यंत चौटाला, बृज शर्मा आदि शिरकत करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


दीपकमल सहारण

### लोग एनएच 152 डी एक्सप्रेसवे से सीधे पहुंचेंगे रैली स्थल पर

हरियाणा के केंद्र बिंदु जुलाना में आयोजित जेजेपी के इस कार्यक्रम में उत्तरी और दक्षिणी हरियाणा जिलों के लोग एनएच 152 डी एक्सप्रेसवे से सीधा पहुंचेंगे। दिल्ली और खरखौदा साइड वाले दिल्ली कटरा एक्सप्रेसवे से 152 डी एक्सप्रेसवे होते हुए आएंगे। वहीं सिरसा, फतेहाबाद, हिसार जिले से आने वाले कार्यकर्ता एनएच-9 के माध्यम से महम होते हुए सीधा जुलाना में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे।

जननायक जनता पार्टी के आठवें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को जुलाना में होने वाले बड़े कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। नेशनल हाईवे-352 पर जींद-जुलाना रोड के नजदीक खुले मैदान में हरी-पीले रंग में भव्य विशाल पंडाल सज चुका है। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता रैली में शिरकत करेंगे। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर जेजेपी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है और प्रदेशभर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। जजपा के चीफ मीडिया कोर्डिनेटर दीपकमल सहारण ने बताया कि जेजेपी ने हरियाणा के केंद्र बिंदु जुलाना क्षेत्र की प्रदेशभर से बेहतर कनेक्टिविटी को देखते हुए यहां कार्यक्रम का आयोजन किया है, 152 डी एक्सप्रेस वे सहित अनेक नेशनल हाईवे की मदद से प्रदेशवासी कार्यक्रम में शामिल होंगे। शनिवार को जेजेपी के वरिष्ठ नेता डॉ. केसी बांगड़, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर व्यवस्था का जायजा लिया।

### वालंटियर कार्यक्रम की व्यवस्था को संभालेंगे

दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जननायक सेवा दल और इनसो से जुड़े सैकड़ों वालंटियर कार्यक्रम की व्यवस्था को संभालेंगे, जो कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए ट्रैफिक व्यवस्था आदि की जिम्मेदारी देखेंगे। कार्यक्रम स्थल पर अलग से पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसके साथ अन्य सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जेजेपी ने जींद की पावन धरा पर ही सात साल पहले 9 दिसंबर 2018 को पांडु पिंडारा में बड़ी ऐतिहासिक रैली करके पार्टी की स्थापना की थी।

### फैरण कलां में वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान

**नरवाना।** उप मंडल के गांव फैरण कलां गांव में पिछले कई वर्षों से बनी हुई पेयजल समस्या का समाधान होता नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने जब पानी की किल्लत की शिकायत हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा नरवाना के विधायक कृष्ण बेदी के समक्ष रखी तभी कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए अधिकारियों की आपातकालीन बैठक बुलाई और समस्या के त्वरित समाधान के आदेश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी व्यक्ति को पीने के पानी के लिए परेशान नहीं होना चाहिए। श्हर घर जल हर नागरिक का अधिकार हैए और इसे उपलब्ध करवाना प्रशासन की जिम्मेदारी है।